प्रो0 राजीव कुमार
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2025/1593 दिनांकः 25 फरवरी, 2025

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः शैक्षिक सत्र 2024-25 के विषम सेमेस्टर के स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों के रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयों के द्वितीय चरण की परीक्षाओं में प्रतिभाग करने वाले छात्र / छात्राओं का पुनः प्रवेश पत्र निर्गत / जारी किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2025 / 1577 दिनांक 16 फरवरी, 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2024-25 के विषम सेमेस्टर के स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं के रेगुलर एवं कैरी ओवर विषयों के **द्वितीय चरण** की पूर्व निर्धारित परीक्षायें जो स्थगित होने के उपरान्त **दिनांक 28 फरवरी, 2025 से दिनांक 22 मार्च, 2025 तक** प्रदेश में स्थित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित कराया जाना निर्धारित है।

उपरोक्त के क्रम में सूचित करना है कि उक्त विषम सेमेस्टर के द्वितीय चरण की परीक्षाओं में प्रतिभाग करने वाले छात्र / छात्राओं (बी0फार्म पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष ''नवप्रवेशित'' छात्रों को छोड़कर) का **प्रवेश पत्र पुनः** ई0आर0पी0 लॉगिन में उपलब्ध करा दिया गया है तथा वेरिफिकेशन कार्ड एवं परीक्षार्थियों की सूची इत्यादि भी उपलब्ध करा दी गई है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से तद्नुसार अवगत होते हुए संस्थान में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं को पुनः **प्रवेश पत्र** प्राप्त करने हेतु अपने स्तर सूचित करते हुए यथा आवश्यक कार्यवाही करते हुए परीक्षा में पूर्ण सहयोग कराने का कष्ट करें।

भवदीय

25/02/2025

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रति-कुलपति / कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. संयुक्त / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आश्य से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक